# शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

# स्वयंसिद्धा

## महाविद्यालय न्यूज लेटर

कुल छात्राएं 1704

अंक – 07

जनवरी 2020 से दिसम्बर 2020

**संरक्षक**
डॉ. सुमन तनेजा
प्राचार्य

**संपादक**
डॉ गणेशलाल जैन
डॉ. जया शर्मा

**सह–संपादक**
डॉ. मो. सादिक

## प्राचार्य की कलम से



कोविड 19 वैश्विक महामारी ने उच्च शिक्षा व्यवस्था के समक्ष कई चुनौतियाँ पेश की हैं। 2020 की शुरूआत में कोविड 19 के प्रसार के कारण शैक्षणिक संस्थान बंद करना पड़ा। वार्षिक परीक्षाएं पूर्ण नहीं कराई जा सकीं। पठन–पाठन एवं अन्य गतिविधिया बुरी तरह प्रभावित हुई। समाधान स्वरुप ऑनलाइन शिक्षा का विकल्प अपनाया गया। उच्चशिक्षा विभाग एवं महाविद्यालय ने इन चुनौतियों को अवसर के रूप में लेते हुए समाधान की दिशा में प्रयास किए, विभिन्न माध्यमों से ऑनलाइन क्लास लेना, विद्यार्थियों व अभिभावको से बातचीत, ई–कंटेंट, असाइनमेंट उपलब्ध कराना, वेबसाइट, व्हाट्सएप ग्रुप, ई–मेल, कई ऐप्स, ऑनलाइन एडमिशन, दूरदर्शन के माध्यम से कक्षाएं लगाना, पंचायतों की सहायता से प्रसारण, ऑनलाइन रेमेडियल क्लास, ओपन बुक परीक्षा, ऑनलाइन FDP, वेबीनार, वर्कशॉप, ओरिंटेशन प्रोग्राम, क्विज विभिन्न गतिविधियाँ जैसे– योग दिवस, पर्यावरण दिवस, NSS, एक भारत श्रेष्ठ भारत ऑनलाइन शिक्षक अभिभावक बैठक आदि आयोजित की गई। इस कोविड काल में विभिन्न समाधान कारक उपयों के रूप में इन चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए महाविद्यालय निरंतर प्रयानशील है।

प्राचार्य
डॉ. सुमन तनेजा

## 1) कॉलेज चलो अभियान विद्यालयों में किया सम्पर्क

"कॉलेज चलो अभियान" के अंतर्गत दिनांक 22.01.2020 को शासकीय म.ल.बा.क. उ.मा. विद्यालय की छात्राओं से सम्पर्क कर 75–75 पेम्पलेट्स का वितरण किया गया। दिनांक 23.01.2020 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर.के. बाँगरे, अध्यापकगण एवं छात्राओं से सम्पर्क स्थापित कर उन्हे पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन द्वारा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं स्कॉलरशिप की जानकारी देकर महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित किया एवं योजनाओं से संबंधित 50–50 पेम्पलेट्स भी वितरित किए गए। यह जानकारी डॉ. श्रीमती अमोल मांजरेकर प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) एवं डॉ. प्रतिभा सोनी (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर द्वारा दी गई।



## महाविद्यालय में इग्नू केन्द्र की स्थापना

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय जो जन – जन का विश्वविद्यालय है, जिसमें परम्परागत विषयों के के अध्ययन कराये जाने के साथ-साथ अतिरिक्त नवीन विषये जिससे ज्ञान एवं कौशलों की वृद्धि होती है का का भी अध्ययन कराया जाता है । सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने यह भी बताया की इग्नू द्वारा 127 विभिन्न प्रमाण पत्र, डिप्लोमा तथा स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में अजा एवं अजजा अभ्यर्थी को बिना किसी शुल्क प्रवेश दिया जा रहा है । डॉ. अंशुमन उपाध्याय ने यह भी बताया कि विद्यार्थी इग्नू द्वारा संचालित लाभकारी लाभकारी पाठ्यक्रमों जैसे – मानवाधिकार, पर्यावरण, उपभोगता संरक्षण, व्यवहारिक अंग्रेजी में प्रवेश लेकर अपने ज्ञान का मूल्य संवर्धन कर सकते है । जनवरी सत्र 2020 से पत्रकारिता में परास्नातक, डिप्लोमा इन आफिस मेनेजमेंट, जनवायु परिवर्तन एवं परिणाम को जनमानस तक पहुचाने जैसे – 6 माह का प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम संचालित किया जात रहा है । इन पाठ्यक्रमों मे विज्ञान एवं समाजिक विज्ञान के विद्यार्थी प्रवेश लेकर नवीन ज्ञान प्राप्त कर सकते है । कार्यक्रम को अधक्ष्ता करते हुए कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डॉ. सुमन तनेजा ने कहा की इग्नू के द्वारा स्नातक से लेकर पी.एच.डी. तक विभिन्नपाठ्यक्रम, सर्टिफिकेट सर्टिफिकेट कोर्सेस, डिप्लोमा कोर्सेस, इत्यादि संचालित किये जाते है । उनमें से अपनी रूचि एवं क्षमता के अनुरूप छाजाए पाठयक्रम का चयन कर अपनी क्षमताओं का संवर्धन कर सकें । इस अवसर पर इग्नू अध्ययन केंद्र शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के समन्वयक इग्नू प्रभारी डॉ अनुप कुमार सिंह ने अपने उद्बबोधन में छात्राओं को केन्द्र के द्वारा 17 पाठ्यक्रम संचालित किये जाने की जानकारी देते हुए यह यह भी अवगत कराया कि अध्ययन केन्दर् पर संचालित पाठ्यक्रमो जैसे - सर्टिफिकेट कोर्सेस, डिप्लोमा कोर्सेस, आहार एवं पोषण, चाइल्ड केयर, क्रिमिनल जस्टिस, ग्रामीण विकाशप्रबंधन, बी.एस.डब्ल्यू, एम.एस.डब्ल्यू, एम.ए.राजनीति एवं इतिहास इत्यादि के अतिरिक्त अन्य संचालित पाठ्यक्रमों में भी विद्यार्थी विद्यार्थी प्रवेश ले सकते है । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. जया शर्मा, डॉ. सुधा लाहोटी, डॉ. रामविकास प्रजापति, डॉ. नेहा शर्मा, एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. राजेश बकोरिया ने किया ।






## महाविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहन किया तथा छात्राओं को शक्तिशाली बनाने आत्मरक्षा प्रशिक्षण श्री बृजेश विश्वकर्मा द्वारा दिया गया इस अवसर पर छात्राओं ने इसका प्रदर्शन किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



## *महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर गांधी प्रतिमा का अनावरण*

महाविद्यालय मे 30 जनवरी को महात्मा गांधी जी एवं शहीदो के सम्मान में मौनधारण कर कॉलेज परिसर में गांधी जी की प्रतिमा का माननीय मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ जी के संकल्पानुसार अनावरण श्री राजीव गुजराती जी प्रसिद्ध जन प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति अग्रणी महाविद्यालय सीहोर तथा श्री ओम दीप जी वरिष्ठ गांधीवादी के करकमलो द्वारा किया गया। मद्यपान एवं मादक पदार्थो का सेवन न करने का संकल्प लिया। मद्य निषेध संकल्प में सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों तथा महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं छात्राओं को गांधी जी के जीवन पर आधारीत डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन कियाएवं प्राचार्य डॉ सुमन तनेजा ने **"गांधी तुम्हे नमन"** कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस संगोष्ठी में श्री राजीव गुजराती ने कहा की हम सब भारतीयो को गांधी जी के आदर्शो को आत्मसात करना चाहिए। श्री ओम दीप जी ने गांधी जी के योगदान को बताते हुए उनके सत्य, अहिंसा एवं सत्याग्रह के बारे में कहा आज के समय में गांधी जी के आदर्शो पर चलना बहुत आवश्यक है। पूर्व छात्रा संगठन ऐल्यूमिनी कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया। कार्यक्रम का संचालन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा एवं डॉ. जी.एल जैन के मार्गदर्शन एवं श्री पुष्पेंद्र त्रिपाठी तथा राम विकास प्रजापति एवं वनोद शर्मा जी के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक सहा. प्राध्यापक सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा





## *आयुष्मान योजना एवं मलेरिया की रोकथाम पर व्याख्यान*

दिनांक 3.2.2020 को महाविद्यालय मे NSS के तत्वावधान में जिला अस्पताल सीहोर के सहयोग से आयुष्मान मध्यप्रदेश निरामयम् योजना को श्रीमती क्षमा वर्वे जिला मलेरिया अधिकारी तथा जिला स्तरीय नोडल आयुष्मान योजना का लाभ श्री शैलेष सेल जिला आई.ई.सी. द्वारा महाविद्यालय की प्रार्चाय डॉ सुमन तनेजा की अध्यक्षता मे दिया। आयुष्मान भारत निरामयम् योजना का लाभ सामाजिक, आर्थिक, जातीय सर्वेक्षण 2011 के चिन्हित परिवार, खाद्य सुरक्षा के पात्र हितग्राही एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को मिल सकता है। जिसके अन्तर्गत 1400 बीमारियो का इलाज निशुल्क किया जाता है। इसमें से 492 बीमारियो का इलाज सरकारी अस्पतालो मे तथा शेष बीमारियो का उपचार प्रायवेट एंव सरकारी अस्पतालों मे उपलब्ध है। कियोस्क सेंटर से भी गोल्डन कार्ड बनवाया जा सकता है इसके अतिरिक्त M.P. हेल्थ के पोर्टल पर आयुष्मान योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह योजना हर साल 5.00 लाख का निशुल्क कैशलेस स्वास्थय सुरक्षा कवच है। आयुष्मान योजना स्लोगन प्रतियोगिता में 26 छात्राओ ने सहभागिता भी की। श्री मति वर्वे ने मलेरिया की रोकथाम एंव बचाव हेतु जानकारी देते हुये कहा कि डेंगू, चिकनगुनिया, जीका जैसी बीमारी एडीज नामक मच्छर से फैलती है। जिसका लार्वा पानी में पनपता है। अतः हमे प्रयास करना चाहिये की घर मे या आसपास की जगह पर पानी एकत्रित न होने दे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं को आयुष्मान का लाभ एंव मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के प्रचार प्रसार हेतु प्रेरित किया । सम्पूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री एंव जिला संगठक रासेयो डॉ .राजेश बकोरिया के मार्गदर्शन मे पूर्ण हुआ।

## वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण का रंगारंग आयोजन

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में दो दिवसीय रंगारंग वार्षिकोत्सव उमंग 2020 का उद्‌घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्राचार्य एवं वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ. सुधा लाहोटी ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए सम्पूर्ण प्रतियोगिताओं में बिना हार जीत की भावना के प्रतिभागिता करने हेतु अभिप्रेरित किया। दिनांक 17 फरवरी को रंगोली, व्यंजन प्रतियोगिता (फायरलैस कुकिंग), फेस पेंटिग, मेंहदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 18 फरवरी को एकल नृत्य, समूह नृत्य, वाद विवाद एवं प्रांतीय वेशभूषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगितायें समस्त शैक्षणिक स्टॉफ के सहयोग से सम्पन्न हुई। सभी ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भागीदारी की।






## आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत गवर्नेस बेंच मार्किंग योजना के तहत महाविद्यालयीन छात्राओं को 15 दिवसीय आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री ब्रजेश विश्वकर्मा के सहयोग से संचालित किया गया। असामान्य परिस्थितियों में छात्राओं को स्वयं की रक्षा करने के लिये ना केवल शारीरिक रूप से अपितु मानसिक रूप से तैयार करने का एक प्रयास है, जिससे छात्रायें विपरीत परिस्थितियों में बिना झिझक बिना घबरायें अपनी आत्मरक्षा के लिये सुरक्षात्मक कदम उठा सके। इसके अंतर्गत छात्राओं को वेसिक एक्सरसाईज, विभिन्न प्रकार के लगभग 15 पंच एवं 8 प्रकार के किक्स का अभ्यास तथा कई प्रकार के बॉडी मूमेंट सिखाए। कार्यक्रम गवर्नेस बेंच मार्किंग समिति महाविद्यालयीन क्रीडा विभाग द्वारा संचालित किया गया।



## राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थी सेमीनार का आयोजन

दिनांक 02.03.2020 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा जवाहरलाल नेहरू के भारती राजनीति में योगदान तथा उनके द्वारा आधुनिक भारत एवं विदेश नीत के निर्माता के रूप में विभिन्न विषयों पर सेमीनार का आयोजन किया। सेमीनार का उद्‌घाटन प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा जी द्वारा किया गया तथा महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विषय के सहायक प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र त्रिपाठी एवं श्री रामविकास प्रजापति के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सेमीनार में नेहरू जी के विभिन्न विचारों पर केन्द्रित उल्लेखनीय पेपर जैसे "नेहरू और समाजवाद", "नेहरू एवं धर्म निपेक्षता", नेहरू एवं विदेश नीत, नेहरू एवं गुटनिरपेक्षता, नेहरू एवं प्रजातंत्र, नेहरू एवं उच्च शिक्षा, नेहरू एवं पंचशील जैसे विषयों पर अलग–अलग छात्राओं ने प्रस्तुत किए।



## अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "रोजगार" विषय पर विद्यार्थी सेमीनार

दिनांक 04/03/2020 का अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "रोजगार" विषय पर स्टुडेंट्स सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार मे सेमीनार संयोजक डॉ. (श्रीमती) अमोल मांजरेकर द्वारा रोजगार के ऐतिहासिक पक्ष ,सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ, विषय परिचय एंव उद्देश्य के बारे मे बताया प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) सुमन तनेजा ने संगोष्ठी का अर्थ , महत्व एवं स्वरोजगार के बारे में छात्राओ को बताया । विषय विशेषज्ञ के रूप मे श्री ओमप्रकाश परमार ने वर्तमान में चल रही स्वरोजगार की योजनाए एंव रोजगार के विभिन्न प्रकारो के बारे मे जानकारी दी जिससे सेमीनार में उपस्थित छात्राए लाभान्वित हुई । सेमीनार मे 10 छात्राओ ने पत्र वाचन किया।






## वाणिज्य विभाग का औद्योगिक भ्रमण

दिनॉक 07.03.2020 को वाणिज्य विभाग, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं वर्ल्ड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की वाणिज्य संकाय की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण के लिये सीहोर जिले के खादी ग्रामोद्योग आयोग (सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार) के केन्द्रीय पूनी संयंत्र, इछावर रोड सीहोर ले जाया गया।। जहॉ छात्राओं को कच्चे कपास से पूनी निर्माण तक प्रक्रिया को विभिन्न चरणों में दिखाया और समझाया गया। इस भ्रमण में संयंत्र के श्री जयदीप जोशी जी ने विस्तार से प्रक्रियाबद्व तरीके से प्रत्येक स्तर को समझाया। छात्राओं को इस उद्योग से समस्त जानकारी जैसे कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण इत्यादि के बारे में बताया गया। साथ ही आपातकालीन स्थितियों निपटने के लिये जो उपाय किये जाते है, विस्तार से बताया समझाया गया। छात्राओं का यह औद्योगिक भ्रमण महाविद्यालय के वर्ल्ड बैंक प्रभारी डॉ. अनूप कुमार सिंह,वाणिजय विभाग प्रभारी एवं आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. जया शर्मा तथा श्री ओमप्रकाश परमार , श्रीमति भारती सक्सेना एवं श्री ब्रिजेश विश्वकर्मा का सहयोग रहा।

## ऑनलाईन एण्ड डिस्टेन्स टीचिंग लर्निंग टूल्स फॉर एडुकेटर" विषय पर एक नेशनल वेबीनार

दिनांक 16/06/2020 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा वर्तमान कोरोना परिदृश्य में ऑनलाईन अध्ययन और अध्यापन के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षको में सूचना प्रौद्योगिकी जानकारीयो को प्रसारित करने हेतु "ऑनलाईन एण्ड डिस्टेन्स टीचिंग लर्निंग टूल्स फॉर एडुकेटर" विषय पर एक नेशनल वेबीनार का आयोजन किया गया।





## नवाचार

महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं में अंतिम वर्ष की छात्राओं के प्रोजेक्ट कार्य का मूल्यांकन ऑनलाईन किया गया जिसमें समाज शास्त्र विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग एवं वाणिज्य की छात्राओं ने अपनी सहभागिता की इसका उद्देश्य जॉब इंटर्नशिप के माध्यम से नई जानकारिया प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य रहा।

## विज्ञान संकाय भवन का भूमि पूजन

दिनांक 28/08/2020 को नये विज्ञान संकाय भवन का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक श्री सुदेश राय जी, महाविद्यलय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा के कर कमलो से संपन्न हुआ इसमें बी.डी.ए. की चीफ श्रीमती अल्का सक्सेना, कान्ट्रेक्टर श्री धनंजय सिंह एवं महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। विश्व बैंक परियोजना समन्वयक डॉ. अनूप सिंह ने जानकारी दी की नये विज्ञान भवन में विज्ञान संकाय की समस्त कक्षाये आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित रहेगी जो छात्राओं के भविष्य के लिये उपयोगी सार्थक होगी। यह महाविद्यालय के लिये गौरव की बात होगी। इस कार्यक्रम के साथ ही महाविद्यालय के उद्यान में विधायक जी द्वारा वृक्षारोपण किया गया।





## स्वच्छता अभियान के साथ कुपोषित बच्चों को सामग्री वितरित

दिनांक 17.09.2020 को शासन के आदेशानुसार महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर गोद ग्राम पचामा में कुपोषित बच्चों को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, स्वयंसेवको द्वारा ग्राम में बच्चो को खद्य सामग्री व फलो का वितरण किया गया। पूर्वी साथ ही कोविड–19 के इस महामारी के दौर में डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए रासेयो स्वयंसेवको ने घर के आस पास सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। संपूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ





## *कक्षाएँ हुई ऑनलाईन*

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में दिनांक 01.10.2020 से सभी संकायो की स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की एवं स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की ऑनलाईन कक्षायें प्रारंभ हो रही है। ऑनलाईन कक्षायें गूगल मीट/बेवेक्स/माइक्रोसाफ्ट मीटिंग बेव के माध्यम से ली जायेगी। कक्षाओं की समय–सारणी से सभी छात्राओं को अवगत कराया जायेगा। समय–सारणी महाविद्यालय की बेवसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। सभी छात्राओं को ऑनलाईन कक्षाओं में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है।






## *मनाया रासेयो स्थापना दिवस*

दिनॉक 24/10/2020 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के 51 वें स्थापना दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्राचार्य सुमन तनेजा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। साथ ही कोविड–19 के इस दौर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए रासेयो स्वयंसेवको द्वारा भी अपने घरो में रहकर वृक्षारोपण का कार्य एवं स्वच्छता अभियान को सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। वृक्षारोपण के इस अवसर पर जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश बकोरिया, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, डॉ. सुधा लाहोटी, आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. जया शर्मा, पूर्व छात्र संघ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे, क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि विरहा, श्रीमति भारती सक्सेना, श्रीमति पूजा राठौर आदि उपस्थित रहे।


## *कोविड–19 के रोकथाम हेतु देशव्यापी जन आन्दोलन कार्यक्रम*

दिनांक 10 नवम्बर 2020 को मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन के पत्र व कार्यालय कलेक्टर जिला सीहोर के निर्देशानुसार IQAC द्वारा कोविड–19 से बचाव हेतु शपथ गृहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के स्टॉफ एवं महाविद्यालय में उपस्थित कुछ विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। कोविड–19 के रोकथाम हेतु मास्क पहनने, भौतिक दूरी के नियमों का पालन करने तथा हाथ की स्वच्छता के नियमों के पालन का सन्देश दिया गया।

## बाल संरक्षण सप्ताह का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बाल संरक्षण क्लब द्वारा दिनॉक 16.11.2020 से 22.11.2020 तक बाल संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम क्लब की अध्यक्ष कु0 अनुष्का राय द्वारा ब्रहम्पुरी स्थित आंगनबाड़ी में जाकर वहाँ के बच्चों को बाल संरक्षण अधिकार, बाल लैंगिक शोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा उनकों गुड टच और बेड टच के बारे में भी बताया गया। इसी के अन्तर्गत बाल संरक्षण विषय पर एक वेबीनार का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मंजरी अग्निहोत्री एवं जिला संगठक डॉ0 राजेश बकोरिया द्वारा किया गया जिसमें छात्राओं को 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों पर होने वाले अपराध, भिक्षावृत्ति को रोकने का प्रयास, बाल विवाह, बालश्रम आदि की जानकारी देते हुए उनसे शपथ भी ग्रहण करायी गयी। तथा हेल्पलाइन नं. 1098 पर किसी भी तरह के शोषण की सूचना देने को भी कहा। छात्राओं को पास्को एक्ट के बारे में भी बताया। अनुष्का राय के मार्गदर्शन में बाल विवाह व बाल मजदूरी को रोकने के लिए इन्द्रानगर सीहोर मे मरी माता मंदिर के प्रांगण में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता अभियान चलाया। इसमें अंजली राय, योजना चौरसिया, पूजा, वर्षा, दीपिका, सोनम व एन.सी.सी. कैडेट मोनिका नामदेव ने महत्वपूर्ण भूमिका की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रगति राय, पायल मालवीय सहायिका मंजू मालवीय, कृष्णा का विशेष सहयोग रहा। छात्राओं ने बाल संरक्षण विषय पर पोस्टर एवं लिखकर भी जागरूकता अभियान चलाया।






## बौद्धिक सम्पदा अधिकार

दिनांक 23.11.2020 को वाणिज्य विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में "बौद्धिक सम्पदा अधिकार" विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वैबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में चाटर्ड एकाडंटेंट श्री अंकित गोयल जी, फाइनेन्स कन्ट्रोलर नोकिया सोल्यूशन नेटवर्क कम्पनी, अध्यक्ष डॉ. संजय जैन प्राध्यापक वाणिज्य शासकीय भेल महाविद्यालय, भोपाल थे। वैबीनार का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने आशीर्वचन दिये। मुख्य वक्ता अंकित गोयल जी ने बताया कि वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रही है, ऐसे में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की रक्षा करना आवश्यक हो गया है। वर्तमान परिस्थिति में सामान्य जन को इनकी जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। आपने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के विभिन्न प्रकारो जैसे—कॉपी राईट, पेटेंट, ट्रेड मार्क (व्यापार चिन्ह), डिजाइन से संबधित विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन IQAC प्रभारी एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. जया शर्मा ने किया मुख्य वक्ता श्री अंकित गोयल के जीवनवृत पर प्रकाश श्री उमेश भावसार सहायक प्राध्यापक वाणिज्य द्वारा डाला गया। वैबीनार के सह. संयोजक डॉ. राजेश बकोरिया ने सभी सहभागियो एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। तकनीकि सहयोग श्री ब्रजेश विश्वकर्मा एवं श्री सौरभ कुशवाह ने दिया। इस वैबीनार में डॉ. सुधा लाहोटी, डॉ. जी.एल. जैन, डॉ. अनूप सिंह, श्री रवि विरहा, श्री राम विकास प्रजापति, श्री पुष्पेंद्र त्रिपाठी, श्रीमती भारती सक्सेना, श्रीमती पूजा राठौर सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ ने सहभागिता की।

## नवीन शिक्षा नीति 2020 पर वेबीनार आयोजित

दिनॉक 29/11/2020 को महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा सभी संकायो के नवीन प्रवेशित छात्राओं के लिए नवीन शिक्षा नीति पर बेबीनार/वेब मार्गदर्शन आयोजित किया गया जिसमें नवीन प्रवेशित छात्राओं के साथ ही द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं एवं फेकल्टी ने भी सहभागिता की। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कलिका डोलस ने गूगल मीट पर कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए अभी तक स्थापित शिक्षा नीतियों के ऐतिहासिक पहलू तथा नवीन शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदूओं पर चर्चा की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए रूसो द्वारा बताए शैक्षिक उद्देश्यो की चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शासकीय चद्रंशेखर आजाद स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल राजपूत ने अतयन्त विस्तार के साथ PPT के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 तथा उसके पूर्व स्थापित सभी शिक्षा नीतियों के साथ ही नवीन शिक्षा नीति के सभी बिंदुओं पर यथा 5 वी तक मात्रभाषा में अध्ययन, डिग्री कोर्स का विभाजन उच्च शिक्षा मे एम. फिल की समाप्ति, सन 2030 तक स्कूल शिक्षा में 100% GER, उच्च शिक्षा में GER का 50% का लक्ष्य आदि पर विस्तार से चर्चा की। वेबीनार में कुल 297 विद्यार्थी एवं फेकल्टी ने पंजीयन कराया।






## एड्स दिवस पर गतिविधियों का आयोजन

दिनॉक 01.12.2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के सहयोग से जन जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली को सिविल सर्जन डॉ0 आनंद शर्मा तथा जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ0 जागेश्वर दयाल कोरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महाविद्यालय की रासेयो दलनायक कु0 अनुष्का राय सहित अंजली राय, पूजा सेन, राधिका विश्वकर्मा, रोशनी मालवीय, सितारा आदि स्वयंसेवको द्वारा सहभागिता की। प्राचार्य डॉ0 सुमन तनेजा महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राओं को रेड रिबन लगाकर भी जागरूकता का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त छात्राओं द्वारा एड्स एवं रक्त दान विषय पर पोस्टर, निबंध, कविता एवं स्लोगन के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 15 छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर जिला रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी एवं जिला संगठक रासेयो डॉ0 राजेश बकोरिया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मंजरी अग्निहोत्री द्वारा एड्स एवं रक्तदान विषय पर रासेयो स्वयंसेवको के लिए एक वेबीनार का आयोजन किया।

## मास्क वितरण

दिनांक 09/12/2020 को भारतीय युवा रेडक्रास इकाई के तत्वाधान में आई.क्यू.ए.सी. के मार्गदर्शन में कोविड–19 से बचाव के लिये छात्राओं को निशुल्क मास्क वितरित किये गये। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, रेडक्रास प्रभारी डॉ. जी.एल. जैन क्रीडा अधिकारी श्री रवि स्वरूप विरहा एवं आई.क्यू.ए.सी प्रभारी डॉ. जया शर्मा द्वारा छात्राओं को मास्क वितरित किये गये। छात्रायें मास्क लगाकर नही आती है। उन्हे महाविद्यालय की रेडक्रास इकाई की ओर से निशुल्क मास्क देकर मास्क लगान के लिये प्रेरित किया जाता है। थर्मल स्क्रिनिंग मशीन द्वारा प्रत्येक छात्रा का टेम्प्रेचर किया जाता है। ऑटोमेटिक सेनेटाईजर मशीन द्वारा समस्त छात्राओं के हाथ सेनेटाईज करायें जाते है। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये छात्रायें प्रवेश करती है।






## पूर्व छात्र संघ दिवस

दिनांक 10.12.2020 को पूर्व छात्र संघ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र संघ की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय में किये गये वृक्षारोपण के लिए दो Tree guard दिये। पूर्व छात्राओं द्वारा सीहोर के वृद्ध आश्रम में मास्क, बिस्किट, केले वितरित किए गये। वृद्ध जनों से छात्राओं ने बात करके उनके हालचाल लिये। सभी वृद्धजनो द्वारा इस कोरोना काल में छात्राओं के इस प्रयास और प्रेम को देखकर प्रफुल्लित एवं भावुक हो गये। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा के दिशा निर्देश में किया गया। कार्यक्रम में डा. प्रतिमा खरे, श्री रवि विरहा, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री प्राध्यापकों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। पूर्व छात्रसंघ छात्राओं में कु. उर्वशी विनोदा, मेघा सोनी, योजना चौरसिया एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।




## क्रीड़ा विभाग का अंतरराष्ट्रीय वेबीनार

दिनांक 12 दिसंबर 2020 को क्रीडा विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की आयोजन व्यवस्था में महाविद्यालय में पहला अंतरराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया, जिसका विषय "रोल ऑफ फिटनेस इन प्रेजेंट सीनेरियो" संचालन महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि विरहा एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ जया शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं प्राचार्य डॉ सुमन तनेजा के आशीर्वाद वचनों से किया गया। वेबीनार के मुख्य वक्ता डॉ राकेश तोमर, शारीरिक शिक्षा विभाग, किंग फाहद विश्वविद्यालय, सऊदी अरेबिया ने अपने वक्तव्य में स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करने पर जोर दिया और इसे नियमित रूप से सुचारू रखने के फायदे भी बताए। उन्होंने वर्तमान में मुख्य समस्या बढ़ते हुए वजन को बताया और साथ ही यह भी बताया कि किस प्रकार व्यायाम करके वजन को नियंत्रित करना और शरीर को बीमारियों से किस प्रकार बचाया जाए, वह भी दवाइयों का सेवन किए बिना। यह भी बताया कि बच्चों और वयस्क लोगों को WHO के अनुसार सप्ताह में कितने समय व्यायाम करना चाहिए, जिससे कि वे अपने आप को स्वस्थ रखते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम की दूसरी वक्ता श्री आकांक्षा शुक्ला, योग प्रवक्ता, पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल, मध्य प्रदेश, जिन्होंने योग के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को प्राप्त करने के विषय में विस्तार से बताया। आपने योग की सभी क्रियाओं को विस्तारपूर्वक समझाया और यह बताया कि योग से भी हम शारिरिक एवं मानसिक रूप से स्वयं को स्वस्थ किस प्रकार रख सकते है। इस वेबीनार के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की भूमिका रही।





## राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

दिनांक 14/12/2020 को ग्रंथालय एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अधीन **"ई-संसाधन एवं उनका उपयोग"** विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार समन्वयक डॉ. श्रीमती अमोल मांजरेकर (विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र) द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुमन तनेजा की अनुमति से वेबीनार का शुभारम्भ किया। मॉ सरस्वती की वंदना कक्षा बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा ऋतु मेवाड़ा द्वारा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम समन्वयक द्वारा कार्यक्रम से जुड़े समस्त लोगों को इसकी उपयोगिता एवं महत्व बताते हुए विषय विशेषज्ञों डॉ. राकेश खरे ग्रंथपाल शासकीय महाविद्यालय नरेला भोपाल एवं डॉ. संदीप कुमार पाठक उपपुस्तकालय अध्यक्ष आई.आई.एस.ई.आर. भोपाल एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुये विषय के महत्व को प्रतिपादित किया गया। प्राचार्य जी के उद्‌बोधन के उपरांत आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ. जया शर्मा ने वक्तव्य देते हुए तत्पश्चात विषय विशेषज्ञों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुमन तनेजा ने महाविद्यालय को मंदिर एवं पुस्तकालय को मूर्ति बताते हुए आज के युग में ग्रन्थालय का महत्व बताया। गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ जया शर्मा ने इस वेबीनार को महाविद्यालयीन शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राओ की दृष्टि से अत्यन्त महतपपूर्ण बताते हुए मुख्य वक्ता डॉ राकेश खरे ग्रन्थपाल शासकीय महाविद्यालय नरेला भोपाल एवं डॉ संदीप कुमार पाठक उपपुस्तकालय अध्यक्ष आई.आई.एस.ई.आर. भोपाल का स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ खरे सर ने ई-संसाधन के अंतर्गत आने वाले सभी उपकरणों के बारे में बताते हुए इसके लिए इंटरनेट या वाई-फाई का होना अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होने ई-लाइब्रेरी का यात्रा का वर्णन करते हुए शोध गंगा, स्वयं पोर्टल, ई-पीजी पाठशाला, विद्यामित्र, ई-शोध सिंधु, अनुपात्रा, एन-लिस्ट, शोध गंगोत्री, इंफिलबनेट, पर जुड़ना आदि को विस्तृत रूप से बताया तथा इनका व्यवहारिक उपयोग भी ज्ञान एकत्रित करने के लिए बताया। डॉ एस के पाठक जी ने ई-रिसोर्स के उपयोग को बढावा देते हुए इसके उपयोग लाभ एवं महत्व को बताया। साथ ही आज की इस महामारी के दौर में आनलाइन के माध्यम से पुस्तकों, जर्नल्स, आर्टिकल्स को पढनें के आसान तरीकों को समझाया। कार्यक्रम का संचालन उपसमन्वयक एवं ग्रंथपाल श्री हिम्मत सिंह जी ने किया। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में भारत के विभिन्न प्रांतो से प्राध्यापकों, सह-प्राध्यापकों , ग्रंथपालों व छात्र छात्राओं ने सहभागिता की, जिनमें इनकी संख्या लगभग 150 थी। महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के अन्त में वेबीनार आयोजन सचिव डॉ. प्रतिमा खरे विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान ने समस्त सहभागियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय एक दिवसीय वेबीनार में कार्यक्रम को सफल बनानें के लिये तकनीकी सहयोग श्री कमल महेश्वरी, एवं ब्रजेश विश्वकर्मा एवं प्रतिवेदन प्रस्तुति डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं डॉ. मोहम्मद सादिक जी ने की।

## *राष्ट्रीय गणित दिवस*

दिनांक 22/12/2020 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित विभाग तथा आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के तत्वाधान में श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर उनके जीवन पर आधारित एक ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री शिवम सक्सेना विभागाध्यक्ष गणित द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य श्री सुमन तनेजा जी की उपस्थिति में किया गया। प्राचार्य डा. सुमन तनेजा जी ने माँ सरस्वती को नमन करते हुए सभी लोगो को राष्ट्रीय गणित दिवस की बधाई दी तथा साथ ही साथ सभी विधार्थियो का मार्गदर्शन किया भी गया। उन्होने दैनिक जीवन में गणित का महत्व बताते हुए विधार्थियों को आर्थिक स्थिति से मजबूत होने के लिए प्रोत्साहित किया तत्पश्चात डा. प्रतिमा खरे विभागाध्यक्ष विज्ञान संकाय ने सभी विधार्थियो को बधाई देते हुए जीवन में निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही इस महामारी में सोशल डिसटेंसिग का पालन करने के लिए भी कहा । साथ ही डॉ.. अनूप सिहं विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम का प्रोत्साहन किया इसके बाद गणित विभागाध्यक्ष श्री शिवम सक्सेना ने श्रीनिवास रामानुजन जीवन से संबधित पहलुओ से विधार्थियो को अवगत कराया एवं विधार्थियो ने भी बहुत जागरूकता से अपने विचारो को प्रकट किया इस कार्यक्रम में रामानुजन के जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई तथा साथ ही एक क्विज का भी आयोजन किया।






## *वित्तीय जागरूकता ऑनलाइन कार्यशाला*

आज दिनांक 29.12.2020 को वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तिय जागरूकता कार्यशाला का एज्युफिन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन एजुफिन फाउंडेशन की श्रुति भार्गव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सीए नेहा भार्गव द्वारा निवेश एवं बचत के संबंध में जानकारी दी गई। शेयर बाजार के बारे में जानकारी दी गई आइपीओ, म्युचुअल फंड, शेयर को खरीदने संबंधी जानकारी दी गई। उन्होने छात्राओं के सभी प्रश्नों का जवाब दिया। कार्यक्रम मे वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जया शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यकम मे बी. काम., एम.काम., बी.बी.ए. की 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यकम में महाविद्यालय के शिक्षकगण सी.ए.श्री उमेश भावसार श्री ओमप्रकाश परमार, श्री ब्रजेश विश्वकर्मा, श्रीमति भारती सक्सेना, श्रीमति पूजा राठौर उपस्थित रही।

## *तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन*

महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग एवं हिन्दी विभाग द्वारा मृत्युंजय कल्चरल एवं वेल्फेयर सोसायटी सीहोर के सहयोग से "Theatre and its advantages in present scenario" विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनॉक 26 दिसम्बर 2020 से 28 दिसम्बर 2020 तक किया गया। कार्यशाला में मुंबई से यात्री ग्रुप एवं नटसमाज से जुड़े अभिनेता तथा निर्देशक श्री अमित श्रीवास्तव जी और मृत्युंजय कल्चरल एवं वेल्फेयर सोसायटी के अभिनेता एवं निर्देशक श्री तनुज व्यास ने तीनों दिवसों में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनसे चर्चा की। प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने बताया कि अभिनय के माध्यम से व्यक्ति संवाद शैली नाट्य शैली में तो परिपक्व होता ही है साथ ही अपने व्यक्तित्व को भी निखारता है। आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ जया शर्मा ने थियेटर को छात्रों की गुणवत्ता विकास के लिए एक सशक्त माध्यम बताया। श्री अमित श्रीवास्तव ने कहा कि हर व्यक्ति अभिनय कर सकता है। व्यक्ति का व्यक्तित्व अन्तर्मुखी एवं बाह्यमुखी होता है, रंगमंच की शुरूआत उसके माध्यम से सभी भावो को सीखता है। तनुज व्यास जी ने कहा कि विधिवत शिक्षा के बिना अभिनय संभव नही है। अभिनय के माध्यम से व्यक्ति पूरी जिन्दगी सीखता है। इसके साथ ही दोनो अतिथियों ने रवि विरहा, रितु मेवाड़ा, चयनिका झलावा, प्रियांशी पाराशर, मो. सादिक, अंजली यादव आदि अन्य प्रतियोगियों से उनके अनुभवों को सुना तथा प्रतिभाओं को निखारने की कला बतायी। कार्यशाला के दूसरें दिन थियेटर के प्रकार, उसका बेसिक बताते हुए बताया कि अभिनय के माध्यम से स्वयं को जानना आवश्यक है, इससे न केवल व्यक्तित्व विकास होता है, बल्कि विस्तृत मानसिकता, स्वयं को विकसित करने की क्षमता, बोलने समझने की कला, मन के विकारों को दूर करना, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, हर परिस्थिति में काम करना सिखाता है। अंदर के भावों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। इसके साथ ही खेल के माध्यम से सभी प्रतिभागियों से जुड़कर उनकी झिझक को दूर किया। कार्यशाला के तीसरे दिन कहानी के माध्यम से अमित श्रीवास्तव जी तथा तनुज व्यास जी ने कहानी के माध्यम से सभी प्रतिभागियों से जुड़कर कहानी लिखने की कला, कविता पाठ, गाना अभिनय तथा उनकी छिपी प्रतिभाओ को निखारने का पूरा पूरा प्रयास किया। सभी प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। हरियाणा, राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्न के माध्यम से पूर्ण किया। सम्पूर्ण कार्यशाला में मध्य प्रदेश के साथ छः राज्यो से लगभग 300 से अधिक प्रतिभागी जुड़े। सम्पूर्ण कार्यशाला का संचालन डॉ. मंजरी अग्निहोत्री संयोजक विभागाध्यक्ष अंग्रेजी तथा आभार व्यक्त सह संयोजक डॉ. जी.एल. जैन विभागाध्यक्ष हिन्दी एवं आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ.जया शर्मा ने किया। तकनीकी कार्य में श्री कमल माहेश्वरी एवं श्री ब्रजेश विश्वकर्मा का पूरा पूरा सहयोग रहा।

